**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 20.01.2026 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डब्ल्यूईएफ में भाग लेने वाले भारत के पहले निर्वाचित आदिवासी नेता बने, व्हाइट बैज से किया गया सम्मानित, राज्य को विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का दोहराया संकल्प।**
2. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक– 2025 को दी मंजूरी, राज्य के सभी कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण होगा अनिवार्य।**
3. **नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर झारखंड में उत्साह और जश्न का माहौल, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–कार्यकर्ताओं को मिलेगी नई ऊर्जा।**
4. **केन्द्र सरकार झारखंड के सभी जिलों में वृद्धाश्रम का करायेगी निर्माण, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राज्य सरकार से मांगा प्रस्ताव।**
5. **चीन के मकाउ में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल योगासन चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, सात पदक अपने नाम किये।**

**और अब समाचार विस्तार से**

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग लेने वाले भारत के पहले निर्वाचित आदिवासी नेता बने हैं। उन्हें व्हाइट बैज से सम्मानित किया गया। यह विशिष्ट सम्मान केवल चुनिंदा वैश्विक नेताओं और राष्ट्राध्यक्षों को ही प्रदान किया जाता है।

***************

दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर झारखंड को निवेश और विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने कहा है कि टाटा स्टील, इंफोसिस और टेक महिंद्रा जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ हरित ऊर्जा और डिजिटल तकनीक पर सकारात्मक चर्चा हुई है। उन्होंने प्रतिष्ठित व्हाइट बैज सम्मान झारखंड की जनता और अपने पूर्वजों के सपनों को समर्पित किया।

***************

इस बीच राज्य के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दावोस यात्रा के दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस पहल से राज्य में निवेश और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक– 2025 को मंजूरी दे दी है। इस कानून के तहत अब राज्य के सभी कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और उनके लिए न्यूनतम मानक तय किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके हितों की रक्षा करना है।

***************

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर झारखंड भाजपा में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने नयी दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी ने एक युवा चेहरे को नेतृत्व का मौका देकर अच्छी पहल की है।

***************

नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर झारखंड में जश्न का माहौल है। राजधानी रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों और पटाखों के साथ अपनी खुशी जाहिर की। मौके पर रांची महानगर

भाजपा के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि उनके कुशल संगठनात्मक अनुभव से न केवल देश बल्कि झारखंड भाजपा को भी नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

****************

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने झारखंड सरकार से राज्य के सभी जिलों में वृद्धाश्रमों के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा है ताकि बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन मिल सके। वे आज रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। श्री अठावले ने झारखंड में नशा मुक्त भारत अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया उन्होंने पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं पर भी केंद्र की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री अठावले ने केन्द्रीय योजनाओं की सफलता का जिक्र करते हुए बताया कि झारखंड में अब तक लगभग 2 करोड़ 27 लाख जनधन खाते खुल चुके हैं।

****************

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने चेतावनी दी है कि यदि रेल यात्रियों की मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो 24 जनवरी से पाकुड़ और साहिबगंज में कोयला ढुलाई पूरी तरह ठप कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे की उदासीनता के कारण जनता और व्यवसायी आंदोलित हैं। फिलहाल पत्थर की ढुलाई बाधित है, जिसे अब कोयला क्षेत्र तक विस्तार दिया जाएगा।

****************

हजारीबाग की छोटी बच्ची एन्वी सिन्हा ने पश्चिम बंगाल के मालदा में वंदे भारत स्लीपर कोच के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी लिखी कविता सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। एन्वी की प्रधानमंत्री के साथ की तस्वीर और उसकी उपलब्धि जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है।
उनके परिजनों का मानना है कि प्रधानमंत्री का विद्यार्थियों और आम जनता से संवाद जीवन में अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है।

****************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसियाटांड़ के पास झाड़ियों में छिपकर ठगी का प्रयास कर रहे 3 साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि अपराधियों के पास से 7 मोबाइल फोन और 7 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

****************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें—**

- खूंटी में उपायुक्त ने आज जन जागरूकता रथ को रवाना किया, जो सुदूर क्षेत्रों में राशन और वस्त्र वितरण जैसी सरकारी योजनाओं का प्रचार करेगा।
- सिमडेगा में पिछड़ी जाति संघर्ष समिति ने आरक्षण की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला और निकाय चुनाव में शून्य आरक्षण का विरोध किया।
- सरायकेला में ओड़िआ शिक्षकों का लंबित मानदेय भुगतान का मुद्दा जोर पकड़ने लगा है। इस सिलसिल में आज शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक प्रतिनिधि से मुलाकात की।
- रामगढ़ के कामता गांव में छापेमारी के दौरान 1500 किलो जावा महुआ और 70 लीटर अवैध शराब बरामद कर भट्ठियों को नष्ट किया गया। 6 लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।

****************

राज्य में कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि यह राहत भरी स्थिति 24 जनवरी तक बनी रहने की संभावना है।

****************

चीन के मकाउ में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल योगासन चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक समापन हो गया है, जिसमें 13 देशों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखंड के खिलाड़ियों ने कुल सात पदक अपने नाम किए, जिससे देश और राज्य का नाम रोशन हुआ।